प्रेषक,

रमेश चन्द–प्रथम,
प्रमुख न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, सिद्धार्थनगर।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

विषयः–परिपत्र संख्या–25/एडमिन (ए) दिनॉकित 13.071998 के अनुपालन में कार क्रय किये जाने की सूचना प्रेषित किये जाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा XUV700 AX7 MT-D कार श्री तिरुपति आटो एनएच–2, सचेन्डी, कानपुर नगर से क्रय किया गया है। इस कार की वास्तविक कीमत अंकन–21,41,805/–रुपये (इक्कीस लाख इकतालिस हजार आठ सौ पॉच रुपये) है। माननीय न्यायालय के उपरोक्त परिपत्र के अनुपालन में सूचना निम्नवत् है :–

1. सेवा प्रारम्भ करने की तिथि : दिनॉक 20.03.1996
2. वर्तमान में कुल वेतन व घर जाने वाला वेतन : कुल वेतन अंकन–3,15,508/–रुपये (तीन लाख पन्द्रह हजार पॉच सौ आठ रुपये), घर ले जाने वाला वेतन अंकन 2,24,108/–रुपये (दो लाख चौबीस हजार एक सौ आठ रुपये)।
3. अंकन–10,000/–रुपये से अधिक चल सम्पत्ति एवं अचल सम्पत्ति क्रय करने का विवरणः
   (a) मेरे द्वारा सन् 2004 में मारुती जेन कार अंकन–3,65,859/–रुपये में क्रय की गयी थी जिसका पंजीकरण संख्या–यू0पी0 53 वी 2400 है। जिसकी सूचना माननीय न्यायालय को पूर्व में दी जा चुकी है।
   (b) वर्ष 2017 में कासिमपुर बिरुहा, परगना एवं तहसील मोहनलालगंज लखनऊ, में शफायर रेजिडेन्सी, से प्लाट नम्बर–218 क्षेत्रफल 2400 स्क्वायर फीट क्रय किया गया था जिसकी सूचना माननीय न्यायालय को दिनॉक 16.08. 2017 को दिया जा चुका है।
   (c) वर्ष 2021 में फ्लैट नम्बर–802 टावर–सी, दि ग्रेस अपार्टमेन्ट सेक्टर बी0 सुशान्त गोल्फ सिटी अन्सल ए0पी0आई0, लखनऊ में श्री श्रद्धा कोलोनाइजर प्राईवेट लिमिटेड प्रथम तल राजाराम कुमार प्लाजा, लखनऊ से क्रय किया गया था। जिसकी सूचना माननीय न्यायालय को दिनॉक 21.07.2022 को दिया जा चुका है।

4. क्या माननीय उच्च न्यायालय से कोई ऋण लिया गया :	जी नही।
5. क्या बैंक से कोई ऋण लिया गया यदि हॉ तो उसका विवरण :	मेरे द्वारा उक्त कार को कय करते समय स्टेट बैंक आफ इन्डिया, सिद्धार्थनगर से अंकन–20,00,000/–रुपये (बीस लाख रुपये) का लोन स्वीकृत कराया गया जिसका कार लोन एकाउन्ट नम्बर–42231829501 है। स्टेट बैंक आफ इन्डिया से लिया गया उपरोक्त कार लोन अंकन–41,420/–रुपये की 60 मासिक किस्तों में अदा किया जाना है।
6. सेकेन्ड हैन्ड वाहन खरीदने के सम्बन्ध में विवरण:	लागू नही है।
7. सम्पत्ति का विवरण:	XUV700 AX7 कार नम्बर–यू0पी0 32 एनवी 9870
8. डीलर/विक्रेता का पूरा नाम और पता:	श्री तिरुपति आटो एनएच–2, सचेन्डी, कानपुर नगर।.
9. क्या डीलर नियमित एवं विख्यात प्राप्त है:	जी हॉ।
10. क्या न्यायिक अधिकारी से सम्बन्धित है तथा कोई वाद उससे सम्बन्धित निर्णीत किया गया था या लम्बित है:	जी नही।
धनराशि के स्रोत का विवरण:	(a) मेरे द्वारा अपने बचत खाता संख्या–11166657749 स्टेट बैंक आफ इण्डिया की चेक संख्या–779500 के द्वारा अंकन–2,50,000/–रुपये दिनॉक 02.09.2023 को श्री तिरुपति आटो एनएच–2, सचेन्डी, कानपुर नगर को दिये गये। (b) मेरे द्वारा अपने बचत खाता संख्या–11166657749 स्टेट बैंक आफ इण्डिया की चेक संख्या–779503 के द्वारा अंकन–1,95,000/–रुपये दिनॉक 15.09.2023 को दिये गये। (c) इस प्रकार मेरे द्वारा कुल अंकन–24,45,000/–रुपये (चौबीस लाख पैंतालिस हजार रुपये) श्री तिरुपति आटो कानपुर नगर एवं आर0टी0ओ0 लखनऊ तथा बीमा कम्पनी को अदा किये गये। जिसमें कार का एन्श्योरेन्स शुल्क, कार पंजीकरण शुल्क, रोड टैक्स एवं अन्य खर्चे आदि सम्मिलित है। (e) मेरे उपरोक्त बचत खाते में दिनॉक 01.05.2023 को अवकाश नकदीकरण (Leave Encashment) का अंकन–2,40,392.00 रुपये (दो लाख चालिस हजार तीन सौ बानबे रुपये) प्राप्त हुए हैं।

यह भी निवेदन है कि मेरे उपरोक्त बचत खाता संख्या–11166657749 में वेतन, छठवें वेतन आयोग का ऐरियर, लिव इनकैशमेन्ट की धनराशि, मनी बैक पालिसी से प्राप्त धनराशि, जीवन बीमा पालिसी के मेच्योर होने पर प्राप्त धनराशि, एन0एस0सी0 आदि के मेच्योर होने पर प्राप्त धनराशि एवं उपरोक्त बचत खाता में जमा धनराशि पर एफ0डी0आर0 की दर से प्राप्त बैंक ब्याज की धनराशि आदि जमा है।

अतः श्रीमान् जी से विनम्र अनुरोध है कि उक्त सूचना माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

दिनांक–27.09.2023

भवदीय,

RChand 27/09/2023

(रमेश चन्द्र–प्रथम)
प्रमुख न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय, सिद्धार्थनगर।
आई0डी0नंम्बर–यू0पी05726

<u>संलग्नक–</u>

1. पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं बीमा की प्रतिलिपि।
2. स्टेट बैंक आफ इण्डिया से स्वीकृत लोन से सम्बन्धित प्रपत्र।
3. श्री तिरुपति आटो द्वारा प्रेषित कार के टैक्स इनवाइस की प्रतिलिपि।
4. बैंक पासबुक की प्रतिलिपि।